Senior Principal Secretary,
Election Commission of India.

By order,
AJAY KUMAR SHUKLA,
Secretary.

भारत निर्वाचन आयोग

13 जुलाई, 2020 ई0

नई दिल्ली, तारीख :

22 आषाढ़, 1942 (शक)

आदेश

सं0 76/उ0प्र0-लो0स0/69/2019-**यतः,** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में 69-आजमगढ़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से साधारण निर्वाचन, 2019 की घोषणा प्रेस नोट संख्या ईसीआई/प्रे0नो0/23/2019 दिनांक 10 मार्च, 2019 के जरिये की गई थी; और

यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 78 के अनुसार, निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को, निर्वाचित अभ्यर्थी के निर्वाचन की तारीख से 30 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय के अपने लेखे की सही प्रति सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी को दाखिल करनी होती है; और

यतः, 69-आजमगढ़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उक्त लोक सभा क्षेत्र से निर्वाचन के परिणाम दिनांक 23 मई, 2019 को घोषित किये गये थे और इस प्रकार, निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने की अन्तिम तारीख 22 जून, 2019 थी ; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, आजमगढ़ जिला, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश के 69-आजमगढ़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय ओलमा कौन्सिल से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी श्री अनिल सिंह, अपने निर्वाचन व्यय का कोई भी लेखा दायर करने में विफल रहे है; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, की उक्त रिपोर्ट के आधार पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के उप नियम (5) के अन्तर्गत श्री अनिल सिंह, को दिनांक 23 अगस्त, 2019 को निर्वाचन व्यय का कोई भी लेखा दाखिल करने हेतु कारण बताओ नोटिस नं0 76/ उ0प्र0-लो0स0 /69/ भा0नि0आ0 /नोटिस/टेरी/उ0अनु0-III-उ0प्र0/2019 जारी किया गया थाः और

यतः, निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के उप नियम (6) के अनुसार एवं उपर्युक्त कारण बताओं नोटिस के द्वारा श्री अनिल सिंह को निर्देश दिया गया था की वे इस नोटिस के प्राप्त होने के 20 दिनों के भीतर लेखा दाखिल नहीं करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए लिखित रूप में अपना अभ्यावेदन निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें और साथ ही अपना निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, आजमगढ़ के समक्ष प्रस्तुत करें ; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, आजमगढ़ जिला, द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत की गई पावती रसीद के अनुसार, उक्त नोटिस श्री अनिल सिंह को दिनांक 17 सितम्बर, 2019 को उनके द्वारा नामांकन-पत्र में दर्शाये गये पते पर तामील किया गया था ; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, आजमगढ़ ने दिनांक 10 फरवरी, 2020 की अपनी अनुपूरक रिपोर्ट में यह बताया है कि श्री अनिल सिंह द्वारा अभी तक कोई जवाब नहीं दिया गया है और मूल वाउचर सहित हस्ताक्षरित निर्वाचन व्यय के सही लेखे का विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त, उक्त नोटिस मिलने के उपरान्त भी अभ्यर्थी द्वारा उक्त विफलता के लिए भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया है ; और

यतः, तथ्यों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर, आयोग का यह समाधान हो गया है कि श्री अनिल सिंह अपने निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने में विफल रहे हैं और उनके पास इस विफलता के लिए कोई भी उचित कारण अथवा औचित्य नहीं है ; और

यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10-क में अनुबंधित किया गया है कि :-

''यदि निर्वाचन आयोग का समाधान हो जाता है कि कोई व्यक्ति-

(क) निर्वाचन व्ययों का लेखा उस समय के भीतर और उस रीति में जैसी इस अधिनियम के द्वारा या अधीन अपेक्षित है, दाखिल करने में विफल रहा है ; तथा

(ख) उस विफलता के लिए कोई अच्छा कारण या औचित्य नहीं है

तो निर्वाचन आयोग शासकीय राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा उसको निरर्हित घोषित करेगा और ऐसा व्यक्ति उस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित होगा'' ;

अतः, अब लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10-क के अनुसरण में भारत निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा घोषणा करता है कि श्री अनिल सिंह, निवासी ग्राम अमारी, पोस्ट-गोपालपुर, तहसील-मेंहनगर, आजमगढ़, उत्तर प्रदेश जो लोक सभा साधारण निर्वाचन, 2019 में 69-आजमगढ़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र, उत्तर प्रदेश से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी थे, इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए संसद के किसी भी सदन अथवा राज्य अथवा संघ राज्य-क्षेत्र की विधान सभा अथवा विधान परिषद् का सदस्य चुने जाने अथवा होने के लिए निरर्हित होंगे।

आदेश से,
अनुज जयपुरियार,
वरिष्ठ प्रधान सचिव,
भारत निर्वाचन आयोग।

आज्ञा से,
अजय कुमार शुक्ला,
सचिव।

ELECTION COMMISSION OF INDIA

New Delhi, *dated the* 13th *July*, 2020 / *Ashadha* 22,th1942 (*Saka*).

ORDER

No.76/UP-HP/69/2019–WHEREAS, the General Election for 69-Azamgarh Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh, 2019 was announced by the Election Commission of India *vide* Press Note No. ECI/PN/23/2019 dated 10th March, 2019 ; and

WHEREAS, as per Section 78 of the Representation of the People Act, 1951, every contesting candidate has to lodge a true copy of his accounts of election expenses within 30 days with the concerned District Election Officer, from the date of election of the returned candidate ; and

WHEREAS, the result of the election for 69-Azamgarh Parliamentary Constituency was declared by the Returning Officer on 23rd May, 2019 and hence the last date for lodging the accounts of election expenses was 22 nd June, 2019 ; and

WHEREAS, as per the report submitted by the District Election Officer, Azamgarh District Uttar Pradesh, Shri Anil Singh, a contesting candidate of Rashtriya Ulama Council from 69- Azamgarh Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh has failed to lodge any accounts of his election expenses, as required under law; and

WHEREAS, on the basis of the said report of the District Election Officer, a Show-Cause notice No. 76/UP-HP/69/ECI/Notice/TERR/NS-III-UP/2019, dated 23rd August, 2019 was issued under Sub Rule (5) of Rule 89 of the Conduct of Election Rules, 1961 by the Election Commission of India to Shri Anil Singh for non -submission of accounts of his election expenses; and

WHEREAS, through the above said Show Cause Notice and under Sub Rule (6) of Rule 89 of the Conduct of Election Rules, 1961, Shri Anil Singh, was directed to submit his representation in writing to the Commission explaining the reason for non submission of accounts and also to lodge his accounts, of election expenses with the District Election Officer, Azamgarh within 20 days from the date of receipt of the notice; and

WHEREAS, as per the acknowledgement receipt made available to the Election Commission by the District Election Officer, Azamgarh, the said notice was served to Shri Anil Singh on 17th September, 2019 at the address provided by the candidate in the nomination papers; and

WHEREAS, the District Election Officer, Azamgarh, has submitted in his supplementary report, dated 10 th February, 2020 that Shri Anil Singh, has not submitted any representation or a statement of correct account of his election expenses, duly signed along with original vouchers *etc*. till that date. Further, after receipt of the said notice, he has neither furnished any reason nor explanation to the Election Commission of India, for his failure to lodge the accounts as prescribed under law; and

WHEREAS, on the basis of facts and available records, the Commission is satisfied that Shri Anil Singh has failed to lodge his accounts of election expenses and has no good reason or justification for the failure to do so; and

WHEREAS, Section 10 A of the Representation of the People Act, 1951 provides that :–

"If the Election Commission is satisfied that a person–

(*a*) Has failed to lodge an account of election expenses within the time and in the manner required by or under this Act; and

(*b*) Has no good reason or justification for the failure,

the Election Commission shall, by order published in the official Gazette, declare him to be disqualified and any such person shall be disqualified for a period of three years from the date of the order.";

NOW THEREFORE, in pursuance of Section 10A of the Representation of the People Act, 1951, the Election Commission of India hereby declares Shri Anil Singh, Resident of Village Amari Post-Gopalpur, Tahsil-Mehnagar, Azamgarh, Uttar Pradesh and a contesting candidate from 69-Azamgarh Parliamentary Constituency of the State of Uttar Pradesh in the General Elections to the House of the People, 2019, to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or the Legislative Assembly or Legislative Council of a State or Union Territory for a period of three years from the date of this order.

By order,
ANUJ JAIPURIAR,
Senior Principal Secretary,
Election Commission of India.

By order,
AJAY KUMAR SHUKLA,
Secretary.

भारत निर्वाचन आयोग

13 जुलाई, 2020 ई0
नई दिल्ली, तारीख :
22 आषाढ़, 1942 (शक)

आदेश

सं0 76/उ0प्र0-लो0स0/3/2019-**यतः,** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में 3-मुजफ्फरनगर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से साधारण निर्वाचन, 2019 की घोषणा प्रेस नोट संख्या ईसीआई/प्रे0नो0/23/2019 दिनांक 10 मार्च, 2019 के जरिये की गई थी; और

यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 78 के अनुसार, निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को, निर्वाचित अभ्यर्थी के निर्वाचन की तारीख से 30 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय के अपने लेखे की सही प्रति सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी को दाखिल करनी होती है; और

यतः, 3-मुजफ्फरनगर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उक्त लोक सभा क्षेत्र से निर्वाचन के परिणाम दिनांक 23 मई, 2019 को घोषित किये गये थे और इस प्रकार, निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने की अन्तिम तारीख 22 जून, 2019 थी ; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, मुजफ्फरनगर जिला उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तुत दिनांक 29 जून, 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश के 3-मुजफ्फरनगर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से जनसत्ता पार्टी से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी श्री जयपाल सिंह सैनी, अपने निर्वाचन व्यय का कोई भी लेखा दायर करने में विफल रहे हैं; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, की उक्त रिपोर्ट के आधार पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के उप नियम (5) के अन्तर्गत श्री जयपाल सिंह सैनी को दिनांक 22 अगस्त, 2019 को निर्वाचन व्यय का कोई भी लेखा दाखिल नहीं करने हेतु कारण बताओ नोटिस नं0 76/ उ0प्र0-लो0स0 /3/ भा0नि0आ0 /नोटिस/टेर/उ0अनु0-III-उ0प्र0/2019 जारी किया गया थाः

यतः, निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 89 के उप नियम (6) के अनुसार एवं उपर्युक्त कारण बताओ नोटिस के द्वारा श्री जयपाल सिंह सैनी को निर्देश दिया गया था की वे इस नोटिस के प्राप्त होने के 20 दिनों के भीतर लेखा

दाखिल नहीं करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए लिखित रूप में अपना अभ्यावेदन निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें और साथ ही अपना निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, मुजफ्फरनगर के समक्ष प्रस्तुत करें ; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, मुजफ्फरनगर जिला द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत की गई पावती रसीद के अनुसार, उक्त नोटिस श्री जयपाल सिंह सैनी को दिनांक 03 सितम्बर, 2019 को उनके द्वारा नामांकन-पत्र में दर्शाये गये पते पर तामील किया गया था ; और

यतः, जिला निर्वाचन अधिकारी, मुजफ्फरनगर ने दिनांक 17 फरवरी, 2020 की अपनी अनुपूरक रिपोर्ट में यह बताया है कि श्री जयपाल सिंह सैनी द्वारा अभी तक कोई जवाब नहीं दिया गया है और मूल वाउचर सहित हस्ताक्षरित निर्वाचन व्यय के सही लेखे का विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त, उक्त नोटिस मिलने के उपरान्त भी अभ्यर्थी द्वारा उक्त विफलता के लिए भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया है ; और

यतः, तथ्यों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर, आयोग का यह समाधान हो गया है कि श्री जयपाल सिंह सैनी, अपने निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल करने में विफल रहे हैं और उनके पास इस विफलता के लिए कोई भी उचित कारण अथवा औचित्य नहीं है ; और

यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10-क में अनुबंधित किया गया है कि :-

''यदि निर्वाचन आयोग का समाधान हो जाता है कि कोई व्यक्ति-

(क) निर्वाचन व्ययों का लेखा उस समय के भीतर और उस रीति में जैसी इस अधिनियम के द्वारा या अधीन अपेक्षित है, दाखिल करने में विफल रहा है ; तथा

(ख) उस विफलता के लिए कोई अच्छा कारण या औचित्य नहीं है

तो निर्वाचन आयोग शासकीय राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा उसको निरर्हित घोषित करेगा और ऐसा व्यक्ति उस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित होगा'' ;

अतः, अब लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10-क के अनुसरण में भारत निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा घोषणा करता है कि श्री जयपाल सिंह सैनी, निवासी ग्राम मनव्वरपुर कलां, जिल-मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश जो लोक सभा साधारण निर्वाचन, 2019 में 03-मुजफ्फरनगर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र, उत्तर प्रदेश से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी थे, इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए संसद के किसी भी सदन अथवा राज्य अथवा संघ राज्य-क्षेत्र की विधान सभा अथवा विधान परिषद् का सदस्य चुने जाने अथवा होने के लिए निरर्हित होंगे।

आदेश से,
अनुज जयपुरियार,
वरिष्ठ प्रधान सचिव,
भारत निर्वाचन आयोग।

आज्ञा से,
अजय कुमार शुक्ला,
सचिव।

ELECTION COMMISSION OF INDIA

New Delhi, *dated the* 13th *July*, 2020 / *Ashadha* 22,th 1942 (*Saka*).

ORDER

No. 76/UP-HP/3/2019–WHEREAS, the General Election for 3-Muzaffarnagar Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh, 2019 was announced by the Election Commission of India *vide* Press Note No. ECI/PN/23/2019 dated 10th March, 2019 ; and

WHEREAS, as per Section 78 of the Representation of the People Act, 1951, every contesting candidate has to lodge a true copy of his accounts of election expenses within 30 days with the concerned District Election Officer, from the date of election of the returned candidate ; and

WHEREAS, the result of the election for 3-Muzaffarnagar Parliamentary Constituency was declared by the Returning Officer on 23rd May, 2019 and hence the last date for lodging the accounts of election expenses was 22 nd June, 2019 ; and

WHEREAS, as per the report dated 29th June, 2019 submitted by the District Election Officer, Muzaffarnagar District Uttar Pradesh, Shri Jaipal Singh Saini, a contesting candidate of Jansatta Party from

3-Muzaffarnagar Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh has failed to lodge any accounts of his election expenses, as required under law; and

WHEREAS, on the basis of the said report of the District Election Officer, a Show-Cause notice No. 76/UP-HP/3/ECI/Notice/TERR/NS-III-UP/2019, dated 22rd August, 2019 was issued under Sub Rule (5) of Rule 89 of the Conduct of Election Rules, 1961 by the Election Commission of India to Shri Jaipal Singh Saini, for non -submission of accounts of his election expenses; and

WHEREAS, through the above said Show Cause Notice and under Sub Rule (6) of Rule 89 of the Conduct of Election Rules, 1961, Shri Jaipal Singh Saini, was directed to submit his representation in writing to the Commission explaining the reason for non submission of accounts and also to lodge his accounts, of election expenses with the District Election Officer, Muzaffarnagar within 20 days from the date of receipt of the notice; and

WHEREAS, as per the acknowledgement receipt made available to the Election Commission by the District Election Officer, Muzaffarnagar, the said notice was served to Shri Jaipal Singh Saini on 3rd September, 2019 at the address provided by the candidate in the nomination papers; and

WHEREAS, the District Election Officer, Muzaffarnagar, has submitted in his supplementary report, dated 17 th February, 2020 that Shri Jaipal Singh Saini, has not submitted any representation or a statement of correct account of his election expenses, duly signed along with original vouchers *etc*. till date. Further, after receipt of the said notice, he has neither furnished any reason nor explanation to the Election Commission of India, for his failure to lodge the accounts as prescribed under law; and

WHEREAS, on the basis of facts and available records, the Commission is satisfied that Shri Jaipal Singh Saini has failed to lodge his accounts of election expenses and has no good reason or justification for the failure to do so; and

WHEREAS, Section 10A of the Representation of the People Act, 1951 provides that :–

"If the Election Commission is satisfied that a person–

(*a*) Has failed to lodge an account of election expenses within the time and in the manner required by or under this Act; and

(*b*) Has no good reason or justification for the failure,

the Election Commission shall, by order published in the official Gazette, declare him to be disqualified and any such person shall be disqualified for a period of three years from the date of the order.";

NOW THEREFORE, in pursuance of Section 10A of the Representation of the People Act, 1951, the Election Commission of India hereby declares Shri Jaipal Singh Saini, Resident of Village-Manavvarpur Kalan, District Muzaffarnagar, Uttar Pradesh and a contesting candidate from 3-Muzaffarnagar, Parliamentary Constituency of the State of Uttar Pradesh in the General Elections to the House of the People, 2019, to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or the Legislative Assembly or Legislative Council of a State or Union Territory for a period of three years from the date of this order.

By order,
ANUJ JAIPURIAR,
Senior Principal Secretary,
Election Commission of India.

By order,
AJAY KUMAR SHUKLA,
Secretary.

पी0एस0यू0पी0–25 हिन्दी गजट–भाग 7-ख–2020 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0 प्र0, प्रयागराज।
पी0एस0यू0पी0–10 निर्वाचन–18-09-2020–25 प्रतियां–(डी0टी0पी0/आफसेट)।

रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 19 सितम्बर, 2020 ई० (भाद्रपद 28, 1942 शक संवत्)

भाग 8

सरकारी कागज-पत्र, दबाई हुई रूई की गांठों का विवरण-पत्र, जन्म-मरण के आंकड़े, रोगग्रस्त होने वालों और मरने वालों के आंकड़े, फसल और ऋतु सम्बन्धी रिपोर्ट, बाजार-भाव, सूचना, विज्ञापन इत्यादि।

कार्यालय, नगरपालिका परिषद्, जालौन

28 सितम्बर, 2019 ई0

सं0 471/ठो0अ0प्र0नि0/2019-20–पत्र संख्या 393/स्वा0वि0/ठो0अ0प्र0नि0/2019-20, दिनांक 30 अगस्त, 2019 के अन्तर्गत नगरपालिका परिषद्, जालौन अधिनियम, 1916 व ठोस/अपशिष्ट प्रबन्धन नियमावली, 2016 में निहित प्राविधानों के अधीन निम्न प्रकार उपविधि बनाने के लिये नियमावली, 2019 प्रस्तावित है। नगरपालिका अधिनियम, 1916 व ठोस/अपशिष्ट प्रबन्धन उपविधि (नियमावली) का मसौदा तैयार कर जिसे इस पालिका परिषद् की मीटिंग/बोर्ड0/दि0 27 जुलाई, 2019, प्र0सं0 06 के द्वारा स्वीकृत प्रदान कर दी गयी है जिसके अनुपालन में सार्वजनिक नोटिस नगरपालिका परिषद् अधिनियम, 1916 की धारा (3) की उपधारा (3) के अन्तर्गत दैनिक 'आज' कानपुर के अंक दिनांक 03 सितम्बर, 2019 व दैनिक 'कर्मयुग प्रकाश' उरई के अंक दिनांक 04 सितम्बर, 2019 के दैनिक समाचार-पत्रों में प्रकाशित कराया गया था। निर्धारित समय के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुयी है, यह उपविधि (नियमावली) गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

उपविधि (नियमावली)

प्राधिकारी का अर्थ–नगरपालिका परिषद्, जालौन के अधिशासी अधिकारी से होगा।

प्राधिकारी संस्था–नगरपालिका परिषद्, जालौन से है।

क्षेत्र–यह उपविधि नगरपालिका परिषद्, जालौन की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में समान रूप से प्रभावशील होगी।

1–समस्त निवासियों के लिए यह अनिवार्य होगा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 में उल्लिखित नियमों के अनुसार अपने स्थल पर उत्सर्जित/उनके द्वारा उत्पन्न किये गये अपशिष्ट को उद्गम स्थल पर तीन पृथक हिस्सों में गीला, सूखा एवं परिसंकटमय अपशिष्टों में एक बार ही नगरपालिका परिषद्, जालौन द्वारा निर्धारित समय पर निर्धारित कूड़ा चुनने वाले अथवा डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहकर्ता को निर्धारित मासिक शुल्क देकर निस्तारण सुनिश्चित करना होगा। ताकि आम सड़कों मार्गों पर पालिका द्वारा स्वच्छ करने के पश्चात् किसी प्रकार की गंदगी कूड़ा-करकट नहीं फैले।

2–कोई व्यक्ति व संस्था निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट को पृथक रूप से अपने परिसर में भंडारित करेगा एवं Construction and Demolation Waste Rule, 2016 के अनुसार निपटान करेगा।

3–नगर में स्थिति सभी कोआपरेटिव सोसाइटीज, एसोसियेशन आवासीय एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रबन्धन की यह जिम्मेदारी होगी कि वे आवश्यक घनत्व में उपयुक्त स्थान पर आवश्यक संख्या में अपने स्वयं के कंटेनर (नीला व हरा रंग के) स्थापित करेंगे जिनमें दैनिक उत्सर्जित कचरे का पृथक-2 भंडारण हो सके जिसका निस्तारण पालिका परिषद् द्वारा निर्धारित देय यूजर चार्जेज देकर करायेगा।

4–कोई भी व्यक्ति/नागरिक अपशिष्ट को गली/मार्गों, खुले सार्वजनिक स्थानों, नाली/नाला या जलाशयों में न फेंकेगा, न जलायेगा और न ही गाड़ेगा। उपविधि का पालन न करने की दशा में रुपये 5,000.00 का जुर्माना वसूल किया जायेगा अथवा न्यायालय में अभियोग दायर किया जा सकेगा।

5–कोई भी व्यक्ति/नागरिक अपने आवास के समीप खाली स्थानों पर कूड़ा नहीं डालेगा न डालने देगा। कूड़े के समीप निवासी को जिम्मेदार समझा जायेगा जिसके लिए निकाय निर्धारित चालान करने में समर्थ होगा एवं अभियोग दायर किया जा सकेगा।

6–बूचड़ खानों, मांस-मछली बाजारों, फल सब्जी बाजारों के अपशिष्ट जो जैव निम्नकरणीय प्रवृत्ति का होता है, का प्रबंध ऐसी रीति से किया जायेगा कि ऐसे अपशिष्ट को उपयोग में लाया जा सके, ऐसे व्यवसायियों को स्वतः अपने प्रबंध कर नियमानुसार नगरपालिका परिषद्, जालौन को मासिक यूजर चार्ज देकर निस्तारण सुनिश्चित कराना होगा।

7–अस्पतालों, नर्सिंग होम्स, क्लीनिक, लैबोरेटरी आदि द्वारा जैव चिकित्सीय अपशिष्ट को नगरीय ठोस अपशिष्ट के साथ नहीं मिलाया जायेगा। अस्पतालों, नर्सिंग होम्स एवं क्लीनिक आदि के प्रबंधन द्वारा जैव चिकित्सीय अपशिष्ट नियम, 2016 के निर्देशानुसार जैव चिकित्सीय अपशिष्ट का प्रबंध स्वयं सुनिश्चित कराना होगा एवं नगरीय ठोस अपशिष्ट का प्रबंध नगरपालिका परिषद्, जालौन द्वारा निर्धारित यूजर चार्जेज देकर सुनिश्चित कराया जायेगा।

8–कोई भी व्यक्ति/निवासी अपने परिसर से उत्पन्न कृषि उद्यान अपशिष्ट और उद्यान अपशिष्ट को अपने ही परिसर में पृथक रूप से भण्डारित करेगा और समय-समय पर नगरपालिका परिषद्, जालौन द्वारा निर्धारित शुल्क (यूजर चार्जेज) देकर निपटान करेगा।

9–कोई भी व्यक्ति/व्यवसायी निर्माण सामग्री को किसी दशा में सार्वजनिक मार्गों व सार्वजनिक स्थान पर नहीं डालेगा। अनधिकृत रूप से निजी मलवा/सामग्री डालना अधिनियम व नियमों के तहत दण्डनीय अपराध होगा।

10–अपशिष्ट कूड़ा करकट, सूखी पत्तियों को जलाया नहीं जायेगा।

11–कोई व्यक्ति अग्रिम रूप से कम से कम तीन दिवस पूर्व स्थानीय निकाय/नगरपालिका परिषद्, जालौन को सूचित किये बगैर किसी गैर अनुज्ञप्ति वाले स्थान पर एक सौ व्यक्ति से अधिक का ऐसा कोई आयोजन या समारोह आयोजित नहीं करेगा। ऐसा व्यक्ति या आयोजक, आयोजन स्रोत पर अपशिष्ट के पृथक भण्डारण की व्यवस्था करेगा और पृथक अपशिष्ट को पालिका द्वारा निर्धारित यूजर चार्जेज जमा कर नियोजित अपशिष्ट संग्रहण अधिकरण को सौंपेगा।

12–मार्ग विक्रेता जिसके अन्तर्गत फेरीवाला, गली की लेन, सार्वजनिक पार्कों, सार्वजनिक स्थानों या प्राइवेट स्थानों पर अस्थाई निर्मित संरचना पट या घूम-घूम कर व्यवसाय करने वाले विक्रेताओं को उनके द्वारा उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट के निपटान हेतु ढक्कन युक्त कूड़ा पात्र रखना होगा।

13–कोई भी व्यक्ति नगरपालिका परिषद्, जालौन द्वारा स्थापित अपशिष्ट कूड़ेदान के बाहर नहीं फेंकेगा। निर्धारित कूड़ेदान में निर्धारित अपशिष्ट डालेगा।

14–पशुओं को अपशिष्ट कूड़ादान स्थलों अथवा शहर के किसी अन्य स्थान के आस-पास घूमने नहीं दिया जायेगा इसका अधिकृत क्षेत्र/स्थल पर ही प्रबन्ध करना होगा।

15—कोई भी व्यक्ति अपने भवन, संस्थान, व्यापारिक प्रतिष्ठान से गन्दा पानी, कीचड़ पानी, नाईट स्वाइल, गोबर, मलमूत्र, दूषित जल अपने परिसर में किसी प्रकार एकत्रित नहीं करेगा, न सार्वजनिक मार्गों एवं नालियों में बहने देगा जिससे वातावरण दुर्गन्ध से प्रदूषित हो व जन स्वास्थ्य को हानि होने की संभावना हो अथवा आवागमन में बाधक हो अन्यथा उसके विरुद्ध जुर्माना वसूल किया जा सकेगा एवं न्यायालय में अभियोजन किया जा सकेगा।

16—कोई व्यक्ति किसी प्रकार का मृत मवेसी अथवा उसके अवशेष सार्वजनिक स्थानों इत्यादि पर नहीं डालेगा। नगरपालिका परिषद्, जालौन को निर्धारित यूजर चार्जेज देकर उसका निपटान करायेगा।

17—कोई भी व्यक्ति/निवासी सरकारी भवनों, चौराहों एवं दीवारों व गेटों पर निजी या व्यापारिक प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर व स्लोगन नहीं लगायेगा।

18—घर-घर कचरा संग्रहण योजना के तहत घर-घर कचरा एकत्रित करने हेतु निम्नानुसार दरें तय की जाती हैं :

क्र0सं0	उपभोक्ता की श्रेणी	सहयोग राशि (उपभोक्ता द्वारा) नगरपालिका परिषद्, जालौन
		प्रतिमाह रु0
1	50 वर्गमीटर क्षेत्र तक के मकान	15.00
2	50 वर्गमीटर से अधिक व 300 वर्ग मीटर क्षेत्र तक के मकान	40.00
3	300 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र के मकान	50.00
4	व्यावसायिक प्रतिष्ठान दुकान, खान-पान के स्थान (ढाबा/मिठाई की दुकान/कॉफी हाउस) इत्यादि	200.00
5	गेस्ट हाउस	500.00
6	पथ विक्रेता/मार्ग विक्रेता	30.00
7	छात्रावास	400.00
8	होटल रेस्टोरेंट (unstar)	500.00
9	होटल रेस्टोरेंट (3 star) तक	1,000.00
10	होटल रेस्टोरेंट (Unstar) से अधिक	2,000.00
11	व्यावसायिक कार्यालय, सरकारी कार्यालय, बैंक, बीमा कार्यालय, कोचिंग क्लासेस, शैक्षणिक संस्थान इत्यादि	500.00
12	क्लीनिक, डिसपेंसरी, लैबोरेटरी (50 बेड तक)	1,500.00
13	क्लीनिक, डिसपेंसरी, लैबोरेटरी (50 बेड से अधिक)	3,000.00
14	लघु व कुटरी उद्योग वर्कशाप (केवल गैर खतरनाक) अवशिष्ट 10 किग्रा0 प्रतिदिन	500.00
15	गोदाम, कोल्ड स्टोरेज (केवल गैर खतरनाक अवशिष्ट)	1,000.00
16	शादी हॉल, उत्सव हॉल, प्रदर्शनी एवं मेला 3000 वर्ग मीटर तक	2,000.00
17	शादी हॉल, उत्सव हॉल, प्रदर्शनी एवं मेला 3000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल	5,000.00
18	अन्य, जो ऊपर चिन्हित नहीं है	नगरपालिका परिषद् के आंकलन के अनुसार

नगरपालिका की शक्ति–

1–नगरपालिका परिषद्, जालौन क्षेत्र में नगरीय ठोस अपशिष्टों या कूड़ा-करकट फैलाना अमिषेध होगा यदि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थलों, मार्गों, निजी खुले स्थलों, पार्कों, पानी के स्रोतों इत्यादि पर गंदगी कूड़ा, करकट फैलाते व रखते पाया जाता है, तो नगरपालिका परिषद्, जालौन के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी जो निरीक्षक के स्तर से कम का नहीं हो अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिकृत कर्मचारी निम्न ''अनुसूची-अ'' में घोषित/समय पर निकाय द्वारा निर्धारित जुर्माना (कैरिंग चार्जेज) ऐसी दोषी व्यक्तियों से मौके पर ही वसूल करने में सक्षम होगा।

2–नियम को लागू कराने हेतु जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी द्वारा इसे सख्ती से लागू कराया जायेगा। लागू कराने में असक्षम/लापरवाही/असमर्थ अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध नगरपालिका परिषद्, जालौन अधिनियम, 1916 में उल्लेखित नियमों के अधीन सख्त कार्यवाही का अधिकारी ''प्राधिकारी'' को होगा।

''अनुसूची-अ''

उपविधियों के उल्लंघन में किये गये कृत्यों के लिये निर्धारित कैरिंग चार्ज–

क्र0सं0	कृत्य	जुर्माना की दरें
1	2	3
1	रिहायशी भवनों के निवासियों	100.00 रुपये प्रतिदिन
2	दुकानदारों द्वारा कचरा डालने पर	100.00 रुपये प्रतिदिन
3	रेस्टोरेंट मालिकों द्वारा खुला कचरा डालने पर	5,000.00 रुपये प्रतिदिन
4	होटल मालिकों द्वारा कचरा डालने पर	5,000.00 रुपये प्रतिदिन
5	औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा कचरा डालने पर	10,000.00 रुपये प्रतिदिन
6	हलवाई, चाट, पकौड़ी, फास्ट फूड, आइसक्रीम, गन्ने का रस एवं अन्य जूस, सब्जी एवं फ्रूट आदि ठेला व्यवसायियों पर	100.00 रुपये प्रतिदिन
7	सार्वजनिक स्थान पर पेशाब करने वालों पर	200.00 रुपये प्रतिदिन
8	गोबर सार्वजनिक स्थान पर डालने पर	5,000.00 रुपये प्रतिदिन
9	निजी मकान, दुकान इत्यादि के निर्माण का मलबा, निर्माण, निर्माण सामग्री ईंट, सीमेंट, लोहा, पत्थर सरकारी भूमि पर डालने पर	1,000.00 रुपये प्रतिदिन
10	निजी ट्रैक्टरों द्वारा बजरी, कचरा, मलबा, गोबर इत्यादि परिवहन करते हुए नगर निगम की सड़कों पर अपनी सामग्री बिखेरने व गन्दगी फैलाने पर	1,000.00 रुपये प्रतिदिन
11	सरकारी भवनों, चौराहों एवं दीवारों व उनके गेटों पर निजी वाणिज्यिक प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर चिपकाने, स्लोगन लिखकर सरकारी दीवारें, ऐतिहासिक भवनों की सुन्दरता को खराब करने व बैनर्स लगाने पर उस संस्था के मालिक अथवा मौके पर पाये गये व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर)	2,000.00 रुपये प्रतिदिन
12	बिना सक्षम स्वीकृति के रोडकट करने पर	10,000.00 रुपये प्रतिदिन
13	अपने मकानों का गन्दे पानी का निकास आम सड़क पर करने पर	5,000.00 रुपये प्रतिदिन

1	2	3
14	अपने मकान, भवन का सीवरेज कनेक्शन नहीं लेकर सीवरेज की गन्दगी आम नाली/नाले में बहाने पर	5,000.00 रुपये प्रतिदिन
15	क्रमांक 02 से 06 तक वर्णित व्यवसाइयों द्वारा अपने व्यवसाय स्थल का कचरा एकत्रित रखने के लिए निर्धारित ढक्कनदार कचरा पात्र आवश्यक क्षमता का नहीं रखने पर	2,000.00 रुपये प्रतिदिन
16	दुकानदार अथवा ठेला व्यवसाइयों द्वारा सड़क पर बैठकर स्कूटर व साइकिल रिपेयरिंग कर आयल, मिट्टी व पानी फैलाकर गन्दगी करने पर	1,000.00 रुपये प्रतिदिन
17	मीट की दुकानों के सामने दुकानदार द्वारा काटे गये जानवरों की हड्डियां, मलवा मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डों के छिलके इत्यादि सड़क, आम रास्तों में डालकर गन्दगी फैलाने पर	2,000.00 रुपये प्रतिदिन
18	आम रास्ता सड़क व मकान के सामने गाय, भैंस, बकरी, कुत्ते, भेंड़, ऊंट, गधा, सुअर इत्यादि पालतू जानवरों से गन्दगी फैलाने पर	5,000.00 रुपये प्रतिदिन
19	शादी/विवाह स्थलों के बाहर कचरा डालने पर	5,000.00 रुपये प्रतिदिन
20	आम रास्ता सड़क पर खुले में या टेन्ट लगाकर खुलेआम मांस-मछली पकाने व अंश सड़क पर डालने व गंदगी फैलाने पर	2,000.00 रुपये प्रतिदिन
21	सार्वजनिक स्थान, जमीन व सड़क के किनारे बैठकर सब्जियां बेचकर छिलके व अंश सड़क पर डालने व गन्दगी फैलाने पर	100.00 रुपये प्रतिदिन
22	हेयर कटिंग सैलून वालों द्वारा आम रास्ता व सड़क पर गन्दगी, बाल इत्यादि डालने पर	100.00 रुपये प्रतिदिन
23	दुकानदारों अथवा व्यवसायियों द्वारा आम रास्ता सड़क अथवा जमीन पर अतिक्रमण कर भवन सामग्री डालकर व्यवसाय करने पर रुपये प्रतिदिन उपविधियों का लगातार उल्लंघन करने पर अभियोजन भी चलाया जा सकेगा	5,000.00 रुपये प्रतिदिन उपविधियों का लगातार उल्लंघन करने पर अभियोजन भी चलाया जा सकेगा।
24	आम रास्ता, सड़क, फुटपाथ, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय ढाबा चलाकर गन्दगी फैलाने पर	1,000.00 रुपये प्रतिदिन
25	प्राइवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, दवाखाना इत्यादि आम रास्ता, सड़क फुटपाथ पर गन्दगी डालकर गन्दगी फैलाने पर	2,000.00 रुपये प्रतिदिन

जुर्माना लगाये जाने का अधिकार अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद्, जालौन को निहित होगा तथा वसूली नगरपालिका अधिनियम, 1916 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत की जायेगी।

गिरीश कुमार गुप्ता,
अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद्, जालौन।

कार्यालय, नगर पंचायत, महरौनी (ललितपुर)

09 अगस्त, 2019 ई0

सं0 3573/1, 2 ठेके0रजि0 (उपविधि)/न0पं0 महरौनी (2019-20)—उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 97 एवं 298 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कार्यालय, नगर पंचायत, महरौनी द्वारा अपनी सीमा के अन्तर्गत सार्वजनिक निर्माण कार्य कराने सम्बन्धी ठेकेदारों के पंजीकरण उपविधि बनाती है। इस उपविधि को उक्त ऐक्ट की धारा 301-क (1) के अन्तर्गत आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित करती है।

उक्त उपविधि के आलेख के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति, संस्था या संगठन अपनी आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना चाहता है तो उपविधि के प्रकाशन के एक माह अर्थात् 30 दिन के अन्दर नगर पंचायत, महरौनी के कार्यालय में लिखित रूप से सादा कागज/लेटर पैड पर आपत्ति/सुझाव अपने सुस्पष्ट नाम व पता अंकित कर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों/सुझाव पर कोई विचार नहीं किया गया जायेगा—

उपविधि

1—**संक्षिप्त नाम एवं प्रसार**—यह उपविधि नगर पंचायत, महरौनी (ललितपुर) की सीमा के अन्तर्गत सार्वजनिक निर्माण कार्य एवं आपूर्ति करने हेतु ठेकेदार पंजीकरण उपविधि नगर पंचायत, महरौनी, 2019 कहलायेगी।

2—**परिभाषा**—किसी प्रसंग के प्रतिकूल न होने पर—

(क) ''नगर पंचायत'' से तात्पर्य नगर पंचायत, महरौनी से है।

(ख) ''सीमा'' से तात्पर्य नगर पंचायत, महरौनी (ललितपुर) की क्षेत्राधिकार सीमा से है।

(ग) ''अध्यक्ष'' से तात्पर्य नगर पंचायत, महरौनी (ललितपुर) के अध्यक्ष से है।

(घ) ''अधिशासी अधिकारी'' से तात्पर्य नगर पंचायत, महरौनी (ललितपुर) के अधिशासी अधिकारी से है।

(ङ) ''ठेकेदार'' से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति या संस्था या संगठन से है जिसे सार्वजनिक निर्माण कार्य एवं आपूर्ति करने का अनुभव हो तथा जिसके पास जिला मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा निर्गत चरित्र एवं हैसियत प्रमाण-पत्र मौजूद हो तथा उसका आयकर, व्यापार कर, श्रम विभाग, ई0पी0एफ0, जी0एस0टी0 में पंजीयन हो।

3—नगर पंचायत, महरौनी (ललितपुर) के सार्वजनिक निर्माण कार्यों के ठेके केवल उन ठेकेदारों को दिये जायेंगे जो नगर पंचायत, महरौनी (ललितपुर) तथा शासनादेश संख्या 3/2017/1067/78-2017-42 आई0टी0/2017 अनुभाग-2, दिनांक 12 मई, 2017 के क्रम में यू0पी0 इलेक्ट्रोनिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड होंगे।

4—ठेकेदारों के पंजीकरण के लिये नगर पंचायत, महरौनी में एक रजिस्टर रखा जायेगा जिसमें ठेकेदारों का वर्गीकरण एवं पंजीकरण निम्नवत् होगा—

(1) विभिन्न कैटेगरी के क्लास (ए), क्लास (बी), क्लास (सी), क्लास (डी) एवं क्लास (ई) के ठेकेदारों के लिये निर्धारित निविदा सीमा :

क्र0सं0	कैटेगरी	क्लास (ए)	क्लास (बी)	क्लास (सी)	क्लास (डी)	क्लास (ई)
			रु0	रु0	रु0	रु0
1	ब्रिजेस और रोड्स	असीमित	2.00 करोड़	75.00 लाख	40.00 लाख	5.00 लाख
2	बिल्डिंग सैनेट्री एवं वाटर सप्लाई	तदेव	2.00 करोड़	75.00 लाख	40.00 लाख	5.00 लाख
3	इलेक्ट्रिक/मैकेनिकल वर्क्स	तदेव	5.00 लाख	2.50 लाख	1.00 लाख	—
4	रोड साइनेज वर्क्स	तदेव	5.00 लाख	—	—	—

(2) विभिन्न कैटेगरी के क्लास (ए), क्लास (बी), क्लास (सी), क्लास (डी) एवं क्लास (ई) के ठेकेदारों के लिये निर्धारित हैसियत (साल्वेंसी) सीमा :

क्र0सं0	कैटेगरी	क्लास (ए)	क्लास (बी)	क्लास (सी)	क्लास (डी)	क्लास (ई)
		रु0	रु0	रु0	रु0	रु0
1	ब्रिजेस और रोड्स	50.00 लाख	40.00 लाख	20.00 लाख	5.00 लाख	–
2	बिल्डिंग सैनेट्ररी एवं वाटर सप्लाई	तदेव	तदेव	तदेव	तदेव	–
3	इलेक्ट्रिक/मैकेनिकल वर्क्स	40.00 लाख	2.00 लाख	1.00 लाख	–	–
4	रोड साइनेज वर्क्स	15.00 लाख	2.50 लाख	–	–	–
5	लेबर वर्क	–	–	–	–	10.00 हजार

(3) विभिन्न कैटेगरी के क्लास (ए), क्लास (बी), क्लास (सी), क्लास (डी) एवं क्लास (ई) के ठेकेदारों के लिये निर्धारित जमानती राशि की सीमा :

क्र0सं0	कैटेगरी	क्लास (ए)	क्लास (बी)	क्लास (सी)	क्लास (डी)	क्लास (ई)
		रु0	रु0	रु0	रु0	रु0
1	ब्रिजेस और रोड्स	5.00 लाख मु0 अभि0 को बंधक	2.00 लाख मु0 अभि0 को बंधक	1.00 लाख मु0 अभि0 को बंधक	50.00 हजार मु0 अभि0 को बंधक	–
2	बिल्डिंग सैनेट्ररी एवं वाटर सप्लाई	तदेव	तदेव	तदेव	तदेव	–
3	इलेक्ट्रिक/मैकेनिकल वर्क्स	1.00 लाख मु0 अभि0 को बंधक	50.00 हजार मु0 अभि0 को बंधक	5.00 हजार मु0 अभि0 को बंधक	–	–
4	मैकेनिकल वर्क्स	तदेव	तदेव	तदेव	2.50 हजार मु0 अभि0 को बंधक	–
5	रोड साइनेज वर्क्स	15.00 लाख	37.50 हजार मु0 अभि0 को बंधक	–	–	–
6	लेबर वर्क	–	–	–	–	2.5 हजार मु0 अभि0 को बंधक

(4) विभिन्न कैटेगरी के क्लास (ए), क्लास (बी), क्लास (सी), क्लास (डी) एवं क्लास (ई) के ठेकेदारों के लिये निर्धारित अनुभव की सीमा :

क्र0सं0	कैटेगरी	क्लास (ए)	क्लास (बी)	क्लास (सी)	क्लास (डी)	क्लास (ई)
1	ब्रिजेस और रोड्स	5 वर्ष	3 वर्ष	3 वर्ष	2 वर्ष	1 वर्ष
2	बिल्डिंग सैनेट्ररी एवं वाटर सप्लाई	तदेव	तदेव	तदेव	तदेव	तदेव
3	इलेक्ट्रिक/मैकेनिकल वर्क्स	तदेव	तदेव	तदेव	तदेव	तदेव
4	मैकेनिकल वर्क्स	तदेव	तदेव	तदेव	तदेव	तदेव
5	रोड साइनेज वर्क्स	तदेव	तदेव	तदेव	तदेव	तदेव
6	लेबर वर्क	तदेव	तदेव	तदेव	तदेव	तदेव

5—उपरोक्त के अतिरिक्त शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत किये जाने वाले प्राविधानों को भी सम्मिलित किया जायेगा।

6—शासनादेश संख्या 3/2017/1067/78-2-2017-42 आई0टी0/2017 अनुभाग-2, दिनांक 12 मई, 2017 के प्राविधानों के अन्तर्गत निविदा शुल्क (Tender Fee) के भुगतान तथा धरोहर राशि (Earnest Money) के भुगतान एवं वापसी की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, जो निविदा के साथ आंगणन धनराशि का 2% तथा निविदा स्वीकृति के पश्चात् 8% जमानत धनराशि जमा करना होगा। जमानत धनराशि अधिशासी अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये नगर पंचायत के खाते में जमा होगी।

7—शासनादेश संख्या 622/23-12-2012-2 आडिट/08 टी0सी0-2 लखनऊ, दिनांक 08 जून, 2012 के क्रम में अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी एवं शासनादेश में यथा संशोधित नियमों के के अनुसार होगी।

8—प्रत्येक ठेकेदार जो नगर पंचायत, महरौनी में सार्वजनिक निर्माण कार्य एवं आपूर्ति कराने के लिये पंजीकरण कराना चाहेगा वह अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को सम्बोधित लिखित प्रार्थना-पत्र जिसमें उसकी विशेषता, पिछले कार्यों का अनुभव प्रमाण-पत्र, जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत चरित्र एवं हैसियत प्रमाण-पत्र और आयकर, व्यापार कर, श्रम विभाग, ई0पी0एफ0, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन प्रस्तुत करना होगा।

9—अधिशासी अधिकारी उम्मीदवार/ठेकेदार के द्वारा प्रस्तुत प्रमाण-पत्रों को सत्यापन कराने एवं चाल-चलन तथा पूर्ण अनुभव से संतुष्ट होने के उपरान्त अध्यक्ष के अनुमोदन पश्चात् ठेकेदार का नाम पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज करायेंगे। यह पंजीकरण वित्तीय वर्ष तक ही मान्य होगा। पंजीकरण जारी रखने के लिये पुनः नवीनीकरण कराना अनिवार्य होगा।

10—कार्य आदेश प्राप्त करने के एक सप्ताह के अन्दर यदि ठेकेदार जमानत जमा न करे और निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध लिख कर न दे, तो उसकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी। निविदा अस्वीकृत होने की दशा में निविदा के साथ जमा की गयी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा उसका नाम काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा।

11—प्रत्येक पंजीकृत ठेकेदार धनराशि मु0 10,000.00 रुपये नवीनीकरण प्रति वर्ष के हिसाब से प्रत्येक वर्ष 15 अप्रैल तक जमा करने पर तथा ठेकेदार का पिछला चाल-चलन एवं शर्तों के ठीक तरह से पालन करने पर नवीनीकरण कर दिया जायेगा। इस फीस की अदायगी न होने पर 15 अप्रैल के बाद किसी भी दिन पंजीकृत ठेकेदार का नाम खारिज कर दिया जायेगा।

12—ठेकेदार का पंजीकरण आवेदन स्वीकृत होने के उपरान्त पंजीकरण शुल्क धनराशि मु0 10,000.00 रुपये जमा करना होगा।

13—पंजीकृत ठेकेदार अपनी जमानत वापस चाहने के लिये कम से कम एक माह पूर्व प्रार्थना-पत्र देना होगा। पंजीकरण तथा नवीनीकरण करने की फीस वापिस न की जायेगी।

14—त्रुटिवश ठेकेदार को अधिक भुगतान हो जाता है तो उसे ठेकेदार से निकाय वापस पाने की हकदार होगी।

15—ठेकेदार का चाल चलन तथा कार्य की योग्यता या अन्य किसी भी आधार पर अध्यक्ष, नगर पंचायत, महरौनी, ललितपुर को किसी ठेकेदार का पंजीकरण खारिज करने का अधिकार होगा। अध्यक्ष द्वारा निरस्त किये गये पंजीकरण की अपील 15 दिवस के अन्दर नियत प्राधिकारी के समक्ष की जायेगी।

16—ठेकेदार ठेके की शर्तों को पूरा न करने की दशा में ठेकेदार की जमानत को जब्त करने एवं जुर्माना लगाने का पूरा अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, महरौनी, ललितपुर को होगा। इस प्रकार के आदेशों की अपील 15 दिवस के अन्दर बोर्ड को की जा सकती है। जिसका निर्णय अन्तिम होगा।

17—निविदा फार्म का मूल्य एक लाख रुपये तक के कार्य के लिये रु0 100.00 तथा एक लाख से अधिक कार्य के लिये प्रति रु0 एक लाख के लिये रु0 100.00 अतिरिक्त होगा।

18—निविदा के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या तक0सेल/07/निदे0/2019, दिनांक 28 जून, 2019 में वर्णित समस्त दिशा निर्देश सम्मिलित होंगे।

19—निविदा के सम्बन्ध में शासन/बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेश/निर्णय भी प्रभावी होंगे।

कृष्णा देवी,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत, महरौनी, ललितपुर।

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद्

अधिसूचना

13 अगस्त, 2020 ई0

सं0 5272/प्रशा0-एक-45–उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद् अधिनियम, 1965 की धारा 95 उपधारा (1) के खण्ड (च) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद् Subordinate (Computers & Drawing Staff) Service Regulations 1977 की सेवाविनियमावली भाग-4 के बिन्दु संख्या 8 में परिषद् की 250वीं बैठक दिनांक 29 जून, 2020 के मद संख्या 250/11 द्वारा निम्नवत् संशोधित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

2–उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद्, Subordinate (Computers & Drawing Staff) Service Regulations 1977 की सेवाविनियमावली भाग-4 के बिन्दु संख्या 8 में निम्नवत् संशोधन किया जाता है :

वर्तमान विनियम	संशोधित विनियम
Age–A candidate for direct recruitment to the service must have attained the age of 18 years and must not have attained the age of 30 years on the 1st day of January next following the year in which the vacancies are notified under sub-regulation (1) of regulation 13:	**Age**–A candidate for direct recruitment to the service must have attained the age of 18 years and must not have attained the age of 40 years on the 1st day of July in which year the vacancies are notified under sub-regulation (1) of regulation 13:

3–अतः उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद् Subordinate (Computers & Drawing Staff) Service Regulations 1977 के भाग-4 के बिन्दु संख्या 8 (यथासंशोधित) में आंशिक संशोधन के फलस्वरूप विनियमावली के शेष विनियम पूर्ववत् प्रभावी रहेंगे।

अजय चौहान,
आवास आयुक्त।

NOTICE

In the service book of my late father Pratap Bahadur name of deponent has endorsed as Sudha, which is wrong. My correct name is Sudha Chaudhary. In future I will be known by this name Sudha Chaudhary D/o Late Pratap Bahadur R/o 320, Vijay Nagar, Haveliya Jhunshi, Allahabad (Prayagraj).

SUDHA CHAUDHARY,
D/o. Late Pratap Bahadur.

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि देवी फिलिंग स्टेशन स्थित चोपन रानी ताली रोड, बरघानाला चोपन, जनपद सोनभद्र जो एक साझेदारी फर्म था, जिसके पार्टनर तेजबहादुर सिंह यादव पुत्र स्व0 रामजनम सिंह यादव व संदीप गुप्ता पुत्र श्री देवी दयाल गुप्ता, निवासीगण 14/30 आर्य समाज मंदिर से0 8 ओबरा, सोनभद्र इण्डियन आयल कार्पोरेशन से डिलरशिप लेकर व्यवसाय कर रहे थे, दिनांक 21 अगस्त, 2020 को साझेदारी समाप्त कर दिया गया है। दोनों साझेदारों के आपसी सहमति से यह साझेदारी फर्म समाप्त किया जाता है। देवी फिलिंग स्टेशन साझेदारी फर्म बंद किया जाता है।

तेजबहादुर सिंह यादव।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स न्यू इण्डिया ओवरसीज, स्थित विलेज घुर समसपुर, धौराटाण्डा, तहसील बरेली, डिस्ट्रिक बरेली उ0प्र0, पिनकोड-243202 (पंजीकरण संख्या बीएआर/0005736) फर्म में कुल 7 साझेदार सलीम अहमद, सगीर अहमद, शकील अहमद, लईक अहमद पुत्र शब्बीर अहमद, अजीज अहमद, लईक अहमद पुत्र अब्दुल रऊफ व अब्दुल वकील थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 11 अगस्त, 2020 को फर्म में एक नया साझेदार श्रीमती फरजाना शामिल किया गया है तथा फर्म के एक साझेदार शकील अहमद

फर्म से अपनी स्वेच्छा से दिनांक 11 अगस्त, 2020 को अवकाश ग्रहण करके अलग हो गये हैं, अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है। किसी प्रकार का साझेदार का फर्म पर या फर्म का साझेदार पर कोई लेन-देन बकाया नहीं रह गया है, अब फर्म में कुल 7 साझेदार सलीम अहमद, सगीर अहमद, लईक अहमद पुत्र शब्बीर अहमद, अजीज अहमद, लईक अहमद पुत्र अब्दुल रऊफ, अब्दुल वकील व श्रीमती फरजाना हैं तथा फर्म में एवं साझेदारों में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी हैं।

सलीम अहमद,
साझेदार,
मेसर्स न्यू इण्डिया ओवरसीज,
बरेली, उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स उस्मान राईस इण्डस्ट्रीज, स्थित विलेज घुर समसपुर, धौराटाण्डा, तहसील बरेली, डिस्ट्रिक बरेली, उ0प्र0, पिनकोड-243202 (पंजीकरण संख्या-बीएआर/0005671), फर्म में कुल 6 साझेदार–मो0 उवैस, वफाउररहमान, मो0 मुजीब, तफजील अहमद, अफसीर अहमद, मो0 वसीम थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 01 जुलाई, 2020 को फर्म में एक नयी साझेदार–श्रीमती अदीबा नाज शामिल की गयी हैं तथा फर्म के एक साझेदार मो0 उवैस फर्म से अपनी स्वेच्छा से दिनांक 01 जुलाई, 2020 को अवकाश ग्रहण करके अलग हो गये हैं, अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है। किसी प्रकार का साझेदार का फर्म पर या फर्म का साझेदार पर कोई लेन-देन बकाया नहीं रह गया है, अब फर्म में कुल 6 साझेदार–वफाउररहमान, मो0 मुजीब, तफजील अहमद, अफसीर अहमद, मो0 वसीम व अदीबा नाज हैं तथा फर्म में एवं साझेदारों में किसी प्रकार को कोई विवाद नहीं है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी हैं।

वफाउररहमान,
साझेदार,
मेसर्स उस्मान राईस इण्डस्ट्रीज,
बरेली, उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स "राधिका इण्डेन गैस एजेन्सी" मो0 मस्जिद काजी शाहबाद, जिला-रामपुर (यू0पी0) नामक फर्म में दिनांक 08 अप्रैल, 2020 को पार्टनर राजीव कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 रामेश्वर दयाल गुप्ता, निवासी मो0 सादात शाहबाद, जिला-रामपुर की मृत्यु हो गयी है तथा दिनांक 27 अगस्त, 2020 को संध्या गुप्ता पत्नी स्व0 राजीव कुमार गुप्ता, निवासी 57 मोहल्ला सादात शाहबाद, जिला-रामपुर शामिल हो गये हैं, तथा उक्त फर्म पर मृतक पार्टनर की कोई देनदारी व लेनदारी बकाया नहीं है तथा अब वर्तमान में दो पार्टनर प्रवल गुप्ता एवं संध्या गुप्ता रह गये हैं।

प्रवल गुप्ता,
पार्टनर,
"राधिका इण्डेन गैस एजेन्सी",
मो0 मस्जिद काजी शाहबाद,
जिला-रामपुर (यू0पी0)।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है सर्वश्री केसरवानी शीतालय सहसों, इलाहाबाद (पंजीकृत) फर्म के एक भागीदार श्री प्रभू नाथ का निधन दिनांक 31 दिसम्बर, 2019 को हो गया है एवं श्री आदित्य केसरवानी को फर्म में नये भागीदार के रूप में दिनांक 01 जनवरी, 2020 से सम्मिलित किया गया है। वर्तमान समय में फर्म में निम्नलिखित भागीदार सम्मिलित हैं, कैलाश चन्द्र केसरवानी, रमेश कुमार, हरीश चन्द्र केसरवानी, राजेश कुमार, सतीश चन्द्र केसरवानी, कृष्ण चन्द्र केसरवानी, सुरेश चन्द्र केसरवानी, अनूप चन्द्र केसरवानी, प्रवीन केसरवानी, नितिन कुमार केसरवानी, रितेश कुमार केसरवानी, नवीन केसरवानी, सचिन केसरवानी, शिशिर केसरवानी, शशांक केसरवानी, अंकित केसरवानी, अभिषेक केसरवानी, अंकुर केसरवानी, ओम केसरवानी एवं आदित्य केसरवानी।

वास्ते केसरवानी शीतालय,
ह0 सुरेश चन्द्र केसरवानी
भागीदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है सर्वश्री केसरवानी एण्ड कम्पनी, सहसों, इलाहाबाद (पंजीकृत) फर्म के एक

भागीदार श्री प्रभू नाथ का निधन दिनांक 31 दिसम्बर, 2019 को हो गया है एवं श्रीमती सोनम केसरवानी एवं प्रिया केसरवानी को फर्म में नये भागीदार के रूप में दिनांक 01 जनवरी, 2020 से सम्मिलित किया गया है। वर्तमान समय में फर्म में निम्नलिखित भागीदार सम्मिलित हैं, हरीश चन्द्र केसरवानी, कलावती देवी, सुरेश चन्द्र केसरवानी, रेखा केसरवानी, शकुन देवी, रितेश कुमार केसरवानी, मौसम केसरवानी, नीलम केसरवानी, अर्चना केसरवानी, अंजू केसरवानी, शान्ती देवी, आरांक्षा केसरवानी, ओम केसरवानी, सारिका केसरवानी, दीक्षा केसरवानी, डिकास्टा केसरवानी, राजेश केसरवानी, आंचल केसरवानी, सोनम केसरवानी एवं प्रिया केसरवानी।

वास्ते केसरवानी एण्ड कम्पनी,
ह0 सुरेश चन्द्र केसरवानी
भागीदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है सर्वश्री केसरवानी डिस्ट्रीब्यूटर्स, सहसों, इलाहाबाद (पंजीकृत) फर्म के एक भागीदार श्री प्रभू नाथ का निधन दिनांक 31 दिसम्बर, 2019 को हो गया है। दिनांक 01 जनवरी, 2020 से फर्म की नई डीड के मुताबिक वर्तमान समय में फर्म में निम्नलिखित भागीदार सम्मिलित हैं, राजेश कुमार, सकुन देवी, शान्ती देवी एवं अंजू केसरवानी।

वास्ते केसरवानी डिस्ट्रीब्यूटर्स,
ह0 राजेश कुमार,
भागीदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र प्रनिल उपाध्याय PRANIEL UPADHYAY जिसकी जन्म तिथि 21 फरवरी, 2006 है, वह पतंजलि ऋषिकुल, प्रयागराज की कक्षा 9 का छात्र है, जिसका आधार नं0 676911394367 है, अपने पुत्र प्रनिल उपाध्याय का नाम बदलकर रेयांश उपाध्याय REYAANSH UPADHYAY कर दिया है। आज की तिथि से प्रनिल उपाध्याय को रेयांश उपाध्याय के नाम से जाना समझा व पहचाना जायेगा।

रितेश उपाध्याय,
पुत्र जे0एल0 उपाध्याय,
नि0 141/2बी, ओम गायत्री नगर,
चांदपुर सलोरी,
तेलियरगंज, प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स रामसेवक हरगोविन्द सहाय, हरदोई के पार्टनर श्री हरगोविन्द सहाय गुप्ता का स्वर्गवास दिनांक 15 अगस्त, 2020 को शाम को हो गया है तथा दिनांक 17 अगस्त, 2020 से मेरी उक्त फर्म की नई डीड में पार्टनर अनुराग गुप्ता, अतुल गुप्ता, आदित्य गुप्ता, श्रीमती लीना गुप्ता, श्रीमती पूनम गुप्ता, श्रीमती दीपशिखा गुप्ता हैं। इसमें और कोई नया पार्टनर नहीं है।

अतुल गुप्ता।

सूचना

मैं, अतुल कपूर पुत्र स्व0 दिनेश नारायण कपूर, निवासी घंटाघर रोड, हरदोई, जिला-हरदोई सशपथ बयान करता हूं कि फर्म मो0 ताहिर, मो0 आबिद सिनेम रोड, हरदोई के साझेदार श्रीमती रजिया बेगम पत्नी स्व0 मो0 आबिद महात्मागांधी मार्ग, हरदोई, मो0 अली शम्सी पुत्र स्व0 मो0 आबिद महात्मा गांधी मार्ग हरदोई दिनांक 31 जुलाई 2020 से फर्म की साझेदारी से अलग हो गये हैं। उनके स्थान पर श्रीमती कुसुम लता गुप्ता पत्नी श्री प्रेम कुमार गुप्ता, निवासी नवाबगंज सांडी, हरदोई 01 अगस्त, 2020 से उक्त फर्म में नई साझेदार हो गयी हैं। इस समय फर्म में मैं और कुसुम लता गुप्ता दो साझेदार हैं।

अतुल कपूर।

सूचना

सर्वविदित हो कि फर्म सत्य श्री सांई राईस मिल, हरदोई मार्ग निकट आत्म बोधायन आश्रम, सांडी में भागीदार श्रीमती मनोरमा रस्तोगी पत्नी स्व0 कृपा शंकर रस्तोगी का निधन 23 सितम्बर, 2017 को हो गया था। अब उक्त फर्म में उनके पुत्रगण चन्द्रशेखर रस्तोगी, चन्द्रभूषण रस्तोगी एवं चन्द्रविशाल रस्तोगी पुत्रगण स्व0 कृपा शंकर रस्तोगी, निवासी मो0 नवाबगंज कस्बा व थाना सांडी, तहसील-बिलग्राम, जिला-हरदोई हैं। उक्त फर्म में उपरोक्त पुत्रगणों के अतिरिक्त अब कोई साझेदार नहीं है।

चन्द्रशेखर रस्तोगी।

सूचना

मैं, दुर्गा प्रसाद पुत्र स्व0 शिवरोत्तम यादव, निवासी-4, बदलापुर, अहिराना, इलाहाबाद, मैं पालिसी 311211938 लिया था। मैं अपना नाम दुर्गा प्रसाद के स्थान पर मनोज यादव रख लिया है। मेरे सारे दस्तावेज में मनोज यादव है।

मनोज यादव,
पुत्र स्व0 शिवरोत्तम यादव,
निवासी-4, बदलापुर, अहिराना,
इलाहाबाद।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मे0 एस0 सिंह फ्यूल सेन्टर, ग्राम व पोस्ट बघौड़ा, मिर्जापुर, जिसका पंजीयन संख्या 6662/7बी-15981, दिनांक 23 मार्च, 2017 फर्म निबंधन कार्यालय वाराणसी से पंजीकृत है। जिसके साझेदार श्रीमती सरीश सिंह पत्नी श्री विद्याशंकर सिंह व श्रीमती सविता सिंह पत्नी श्री राज बहादुर सिंह थे उपरोक्त फर्म विघटन (01 जनवरी, 2020 से बंद) कर दिया गया है। अब फर्म के साथ किसी भी प्रकार के कार्यों एवं लेन-देन की जिम्मेदारी फर्म या किसी साझेदार की नहीं होगी।

श्रीमती सरीश सिंह।

पी0एस0यू0पी0—25 हिन्दी गजट—भाग 8-2020 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक—निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0 प्र0, प्रयागराज।